राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–168/2024

राज्यपाल ने रक्षाबंधन के अवसर पर बिहारवासियों को शुभकामनाएँ दी

पटना, 18 अगस्त, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने रक्षाबंधन के पावन अवसर पर सभी बिहारवासियों व देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

उन्होंने कहा है कि रक्षाबंधन का यह त्योहार भाई–बहन के पवित्र और प्रगाढ़ प्रेम का प्रतीक हैं। राखी प्रेम और विश्वास का वह धागा है जो बहनों को भाइयों से जोड़ता है।

राज्यपाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति के इस अनूठे पर्व के अवसर पर हमें महिलाओं के सम्मान और रक्षा का संकल्प लेने के साथ–साथ नारी सशक्तीकरण हेतु सार्थक प्रयास करना चाहिए।

....